बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

संकल्प

संख्या–15/आरोप (बि0रा0से0)–02–20/2026..................(15)/रा0 दिनांक–...............

श्री जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, (कोटि क्रमांक–233/24), अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, भू-अर्जन कार्यालय, अररिया द्वारा माननीय मुख्यमंत्री के दिनांक–10.03.2026 के समृद्धि यात्रा में व्यवधान पैदा करने, सरकार की नीतियों के विरूद्ध समाचार पत्रों/प्रेस/Social Media में बिना अनुमति के आलोचना करने, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के पत्रांक–240 दिनांक–08.03.2026 के विरूद्ध वक्तव्य देने, सहकर्मियों को सरकारी नीतियों के विरूद्ध भड़काने, मुख्य सचिव, बिहार के पत्रांक–83 दिनांक–09.01.2026 के आदेशों का उल्लंघन करने, उच्च अधिकारियों के आदेशों का पालन नहीं करने, भारत की जनगणना–2027 के कार्यो को अवरूद्ध करने, विधान मंडलीय बजट सत्र के दौरान हड़ताल पर रहने एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 के लक्ष्य प्राप्ति को बाधित करने जैसे कृत्य के लिये बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के नियम–3(1), 9 एवं 10 के प्रतिकूल आचरण के आलोक में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 (समय–समय पर यथा संशोधित) के नियम 9(1) (क) के प्रावधान के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

2. श्री जितेन्द्र कुमार पाण्डेय पर विभागीय कार्यवाही का आदेश अलग से निर्गत किया जायेगा।

3. श्री जितेन्द्र कुमार पाण्डेय को निलंबन अवधि में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 (समय–समय पर यथा संशोधित) के नियम (10)(1) के तहत मात्र जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

4. श्री जितेन्द्र कुमार पाण्डेय का निलंबन अवधि में मुख्यालय–आयुक्त कार्यालय, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ निर्धारित किया जाता है।

ह0/–
(संजय कुमार सिंह)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–15/आरोप (बि0रा0से0)–02–20/2026..................(15)/रा0 दिनांक–................

प्रतिलिपि :–आयुक्त, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ/निदेशक, भू–अर्जन/समाहर्त्ता, अररिया/कोषागार पदाधिकारी, अररिया एवं पूर्णियाँ/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
(संजय कुमार सिंह)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–15/आरोप (बि0रा0से0)–02–20/2026..................(15)/रा0 दिनांक–................

प्रतिलिपि :– श्री जितेन्द्र कुमार पाण्डेय (कोटि क्रमांक–233/24), अपर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, भू–अर्जन कार्यालय अररिया को सूचनार्थ प्रेषित।

2. निदेशित किया जाता है कि आयुक्त कार्यालय, पूर्णियाँ प्रमंडल,पूर्णियाँ में अविलम्ब योगदान समर्पित करना सुनिश्चित करें।

ह0/–
(संजय कुमार सिंह)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–15/आरोप (बि0रा0से0)–02–20/2026...374...(15)/रा0 दिनांक–...18.03.2026

प्रतिलिपि :–माननीय मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/सचिव (श्री जय सिंह) के प्रधान आप्त सचिव/वरीय प्रभारी पदाधिकारी प्रशाखा–3/आई0टी0 मैनेजर (विभागीय बेवसाइट पर प्रकाशनार्थ) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18.03.26
(संजय कुमार सिंह)